# पाठ-७ : अमर शहीद भगत सिंह के पत्र

## ❖ शब्दार्थ

मुलाकात - भेंट
स्वाभाविक - स्वभाव से, पैदाइशी
प्रतीक - परिचायक
मद्धिम - धीमा, फीका
आरज़ू - तमन्ना, इच्छा
हसरत - चाह, लालसा
हालात - परिस्थितियाँ, हाल का बहुवचन रूप
क्रांति - स्थिति में भारी उलट-फेर
कुर्बानी - बलिदान
दिलेराना ढंग से - बहादुरी से
तादाद - संख्या

## ❖ सही उत्तर पर सही का निशान लगाइए ।

क) प्रथम पत्र किसने किसे लिखा है ?

( ) भगतसिंह ने, माँ को ( ) कुलवीरसिंह ने भगतसिंह को
(✓) भगतसिंह ने कुलवीरसिंह को ( ) इनमें से कोई नहीं

ख) मुलाकातों पर से पाबंदी कब हटने की उम्मीद थी ?

( ) भूख हडताल के बाद (✓) फैसले और चालान के बाद
( ) प्रदर्शन के बाद ( ) चालान के बाद

ग) किसका नाम हिंदुस्तानी क्रांति का प्रतीक बन चुका था ?

( ) शिवाजी का ( ) टोडरमल का (✓) भगतसिंह का ( ) औरंगजेब का

घ) दूसरा पत्र किसको लिखा गया है ?

( ) रिश्तेदारों को (✓) कैदी साथियों को ( ) अभिभावकों को ( ) देशवासियों को

च) 'अंतिम परीक्षा के इंतजार' से क्या आशय है ?

(✓) मृत्युदंड ( ) परीक्षाफल निकलना ( ) आखिरी टेस्ट ( ) कुछ भी नहीं

## ❖ सही या गलत

क) जेल में माँ से भेंट न होने पर भगत सिंह ने भाई कुलवीर सिंह को पत्र लिखना उचित नहीं समझा । ✗

ख) भगत सिंह को लाहौर के सेंट्रल जेल में कैद करके रखा गया था । ✓

ग) भगत सिंह के अंदर कैद होकर या पाबंद होकर भी जीने की इच्छा थी । ✗

घ) भगत सिंह का मानना था कि उनके हँसते-हँसते फाँसी पर चढने के बाद हिंदुस्तानी माताएँ अपने बच्चों को भगत सिंह बनने की आरज़ू किया करेगी । ✓

च) स्वतंत्र होकर जिंदा रहने की स्थिति में भी भगत सिंह देश और मानवता के लिए कुछ करने की हसरतें पूरी नहीं कर सकते थे । ✗

## शब्द-संपदा

❖ **निम्नलिखित विदेशी शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए ।**

इजाजत - अनुमति
आजादी - स्वतंत्रता
आरजू - इच्छा
कुर्बानी - बलिदान
मुलाकात - भेंट
नुक्सान - हानि

❖ **निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए ।**

निराशा × आशा
आजादी × गुलामी
इच्छा × अनिच्छा
साहस × कायर
फायदा × नुक्सान
नजदीक × दूर

## पाठ-ज्ञान

❖ **मौखिक प्रश्न**

१) जेल में कौन किनसे मिलने गए थे ?

उ) जेल में माँ और कुलवीरसिंह भगतसिंह से मिलने गए थे ।

२) पत्र-लेखक की बेचैनी का क्या कारण था ?

उ) पत्र-लेखक की बेचैनी का कारण उनकी माता का अधिक घबराना था ।

३) पत्र में कैसी दिलासा और किसके लिए दिलाई जा रही है ?

उ) पत्र में भगतसिंह की माँ जो कि जैल में पुत्र से न मिल सकने के कारण दुखी थी । वह बहुत रो रही थी । उन्हें समझाने के लिए दिलासा दी जा रही थी ।

४) भगतसिंह ने स्वयं को ऊँचा उठाने में किसका योगदान बताया है ?

उ) भगतसिंह ने स्वयं को ऊँचा उठाने में क्रांतिकारी दल के आदेशों और कुर्बानियों का योगदान बताया है ।

५) भगतसिंह ने जिंदा रहने की कौन-सी शर्त बताई है ?

उ) भगतसिंह ने जिंदा रहने की शर्त बताई है कि मैं कैद होकर या पाबंद होकर जीना नहीं चाहता ।

६) स्वयं को भाग्यशाली किसने कहा है और क्यों ?

उ) भगतसिंह ने स्वयं को भाग्यशाली कहा है क्योंकि उन्हें कभी फाँसी से बचने का कोई लालच नहीं था ।

७) 'अंतिम परीक्षा' से क्या आशय है ?

उ) 'अंतिम परीक्षा' से यह आशय है कि भगतसिंह को फाँसी की सजा (मृत्युदंड) देना ।

❖ **प्रश्नों के उत्तर**

१) भगतसिंह की माताजी क्यों घबरा रही थी ?

उ) भगतसिंह की फाँसी का समाचार सुनकर उनकी माता घबरा रही थी ।

२) घबराहट से होनेवाले किस नुक्सान की ओर भगतसिंह ने संकेत किया है?

उ) घबराहट से होनेवाले किस नुक्सान की ओर भगतसिंह ने संकेत किया है कि मैं स्वयं भी बेचैन हो रहा हूँ । घबराने की कोई बात नहीं, फिर इससे कुछ मिलता भी नहीं ।

३) हिंदुस्तानी माताएँ किस स्थिति में अपने बच्चों को भगतसिंह बनने की आरज़ू किया करेंगी और क्यों ?

उ) हिंदुस्तानी माताएँ दिलेराना ढँग से हँसते-हँसते अपने बच्चों को भगतसिंह बनने की आरज़ू और देश की आजादी के लिए कुर्बानी देनेवालों की तादाद बढ जाएगी ।

४) भगतसिंह अपनी कौन-सी हसरत पूरी नहीं कर पा रहे थे ?

उ) भगतसिंह अपने देश और मानव के लिए जो कुछ करने की हसरतें थे उसका हजारवाँ भाग भी वह पूरा नहीं कर पाया अगर स्वतंत्र जिंदा रहता तो शायद इन्हें पूरा करने का अवसर मिलता और अपनी हसरत पूरा कर सकता ।

५) 'आजकल मुझे स्वयं पर बहुत गर्व है' - भगतसिंह ने ऐसा क्यों कहा ?

उ) 'आजकल मुझे स्वयं पर बहुत गर्व है' - भगतसिंह ने ऐसा कहा क्योंकि उन्हें बडी बेताबी से अंतिम परीक्षा का इंतजार है, कामना है कि यह और नजदीक हो जाए ।

## ❖ रिक्त स्थान की पूर्ति

१) सभी साहस से हालात का मुकाबला करें ।

२) मेरा नाम हिंदुस्तानी क्रांति का प्रतीक बन चुका है ।

३) मैं स्वयं भी बेचैन हो रहा हूँ ।

४) क्रांतिकारी दल के आदर्शों और कुर्बानियों ने मुझे बहुत ऊँचा उठा दिया है ।

५) अब तो बडी बेताबी से अंतिम परीक्षा का इंतजार है ।

६) भगत सिंह ने कैदी साथियों को २२ मार्च १९३१ को अंतिम पत्र लिखा ।

## ❖ सही मिलान

| | | | |
|---|---|---|---|
| १) | पत्र-लेखक | - | भगतसिंह |
| २) | प्रिय भाई | - | कुलवीर सिंह जी |
| ३) | भगतसिंह | - | हिंदुस्तानी क्रांति का प्रतीक |
| ४) | क्रांतिकारी दल | - | मुझे बहुत ऊँचा उठाया |
| ५) | बडी बेताबी | - | अंतिम परीक्षा की |

## ❖ Assignment

१) भगतसिंह का एक चित्र लगाइए और उनके विषय में एक अनुच्छेद लिखिए ।